लोकलसर्किल्स सर्वे...

46% लोगों को लिफ्ट में फंसने का अनुभव

34 हजार जवाब पर आधारित रिपोर्ट

नई दिल्ली | देश में बढ़ते लिफ्ट हादसों के बीच लोकलसर्किल्स के सर्वे के मुताबिक 46% लोगों या उनके परिवार के सदस्य पिछले एक साल में अपनी सोसाइटी की लिफ्ट में फंसे। सर्वे में 297 देश के जिलों से 34 हजार प्रतिक्रियाएं मिलीं।

15% लोग पिछले एक साल में 6-9 बार लिफ्ट में फंसे

पिछले एक साल में आप या आपका परिवार लिफ्ट में कितने बार फंसा



21% ने कहा- सोसाइटी की लिफ्टों का एनुअल मेंटनेंस कॉन्ट्रेक्ट नहीं।

33% ने कहा- सोसाइटी में लगी लिफ्ट की सुरक्षा पर भरोसा नहीं।

विरोध • टूटे पंखे, शिक्षकों की कमी, गंदे टॉयलेट पर आक्रोश

जेन जी के बाद देश की जेन अल्फा भी सड़कों पर उतरी

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

हाल ही में दिल्ली के जंतर मंतर पर नीट पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन के अलावा भर्ती परीक्षाओं में धांधली, रोजगार के मुद्दों पर देश की जेन जी (1997-2009 के बीच जन्म) ने देशभर में प्रदर्शन किए। अब देश के अलग-अलग राज्यों के जेन अल्फा (2010 के बाद जन्मे बच्चे) भी सड़कों पर उतर आए हैं। इनकी मांगें स्कूल में पंखे, साफ शौचालय, पीने का पानी, बेंच-डेस्क और पर्याप्त शिक्षकों जैसी बुनियादी सुविधाओं की हैं। डिजिटल दौर में पली-बढ़ी जेन अल्फा सोशल मीडिया के जरिए जागरूक हो रही है और अब शासन-प्रशासन से अपने अधिकार मांग रही है।

पिछले कुछ हफ्तों में उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार और महाराष्ट्र के कई जिलों से ऐसे प्रदर्शन सामने आए हैं। जहां सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने धरना दिया।

मामला-1 यूपी में बंद पंखों से फूटा छात्रों का गुस्सा

यूपी के फतेहपुर स्थित सर्वोदय इंटर कॉलेज में भीषण गर्मी के बीच बंद पड़े पंखों और अन्य बुनियादी सुविधाओं को लेकर छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा। करीब 1,500 छात्र-छात्राएं हाथों में बैनर लेकर सड़क पर उतर आए। स्कूल इंस्पेक्टर ने 24 घंटे में सुधार का आश्वासन दिया।

मामला-2 राजस्थान में सड़क पर बैठीं छात्राएं

राजस्थान के बाड़मेर, सिरोही और जालोर में शिक्षकों के खाली पदों और बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर छात्राएं सड़क पर बैठ गईं। दबाव के बाद शिक्षा विभाग ने 80 से ज्यादा शिक्षकों को डेपुटेशन पर भेजने के आदेश जारी किए।

मामला-3 बिहार में बच्चों ने की तालाबंदी

बिहार के गया में पंखे, पीने के पानी और बेंच-डेस्क की कमी से नाराज बच्चों ने स्कूल में तालाबंदी कर दी। छात्रों ने कहा 'हमें सिर्फ कलेक्टर से बात करनी है।' आखिर कलेक्टर को पहुंचकर सुविधाएं जल्द उपलब्ध कराने का आश्वासन देना पड़ा।

जागरूक हो रही जेन अल्फा: माना जाता था कि जेन अल्फा मोबाइल गेम, यूट्यूब और एआई की दुनिया में खोई हुई पीढ़ी है। यही पीढ़ी अब अपने स्कूलों की खराब व्यवस्था पर भी सवाल पूछ रही है।

अगस्त और सितंबर में देशभर में सामान्य से कम बारिश के आसार

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को जारी पूर्वानुमान में कहा है कि देश में अगस्त और सितंबर के दौरान सामान्य से कम बारिश होने के आसार हैं। इन दो महीनों में देशभर की बारिश दीर्घकालिक औसत (एलपीए) के 94% से कम रह सकती है। 1971 से 2020 के आंकड़ों के आधार पर अगस्त-सितंबर की औसत बारिश 422.8 मिमी है। अगस्त में भी बारिश सामान्य से कम रहने का अनुमान है। अगस्त की औसत बारिश 254.9 मिमी है।

जुलाई में सामान्य से ज्यादा बारिश, लेकिन अब भी 13% की कमी

आईएमडी के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से कम वर्षा हो सकती है। जुलाई में देश में सामान्य से अधिक बारिश हुई। इसके बावजूद जून-जुलाई की कुल बारिश अब भी सामान्य से 13% कम है। जून के अंत में यह कमी 35.4% थी। जुलाई की अच्छी बारिश से घाटा घटा है। जुलाई में सामान्य 280.5 मिमी के मुकाबले 283.3 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसकी बड़ी वजह बंगाल की खाड़ी में बने चार निम्न दबाव क्षेत्र रहे। इनमें से दो अवदाब में बदल गए।

जुलाई में 269 बार हुई अत्यधिक भारी बारिश: जुलाई में निम्न दबाव प्रणालियां 24 दिन सक्रिय रहीं। सामान्य रूप से ये 13.5 दिन सक्रिय रहती हैं। जुलाई में 204.5 मिमी से अधिक बारिश की 269 घटनाएं दर्ज की गईं। यह पिछले पांच वर्षों में सबसे अधिक है। ऐसी अधिकतर घटनाएं ओडिशा, गुजरात और महाराष्ट्र में हुईं। इसके उलट दक्षिणी प्रायद्वीप में जुलाई की बारिश 152.6 मिमी रही। यह 1901 के बाद 10वीं सबसे कम है। यहां जुलाई का औसत न्यूनतम तापमान 24.68 डिग्री सेल्सियस रहा, जो 1901 के बाद सबसे अधिक है।

उमर अब्दुल्ला-पायल का तलाक मंजूर

नई दिल्ली | जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला और पत्नी पायल अब्दुल्ला का 32 साल पुराना वैवाहिक रिश्ता अब आधिकारिक तौर पर खत्म होने जा रहा है। 1994 में दोनों की शादी हुई। इस शादी से उनके दो बेटे जाहिर और जमीर हैं। दोनों 2009 से अलग रह रहे हैं। साल 2011 में उमर अब्दुल्ला ने सार्वजनिक तौर पर इस रिश्ते से अलग होने का ऐलान किया था।

राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान
(द्वितीय तल, विकास खण्ड सचिवालय, जयपुर-302005)
email-secraj@rajasthan.gov.in & secrajasthan@gmail.com, FAX 0141-2227280, 2227072
क्रमांकः प.3 (48)/स्टोर/ रानिआ/ 2026-27/5117 दिनांकः 23.07.2026

नीलामी निविदा संख्या 04/ 2026-27

राज्य निर्वाचन आयोग जयपुर राज. में नकारा/ अनुपयोगी/ अप्रचलित सामानों (ई-वेस्ट) की नीलामी दिनांक 13.08.2026 को दोपहर 3.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक आयोग कार्यालय के द्वितीय तल पर खुली बोली के माध्यम से नीलामी की जायेगी। नीलामी से संबंधित विवरण वेबसाइट https://sppp.rajasthan.gov.in, https://dipr.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय की वेबसाइट https://sec.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

क्र. सं.	नीलामी निविदा संख्या	UBN NO.
1.	04/2026-27	SEC2627GLOB00004

(राजेश वर्मा) सचिव
राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान, जयपुर
DIPR/C/13149/26

कार्यालय नगर पंचायत लखनपुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)
Ph. 07774-261501 email-cmolakhanpur@gmail.com
क्रमांक / 1032 / लो.नि./ न.पं. / 2026-27 लखनपुर, दिनांक- 30/07/26

प्रथम ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

नगर पंचायत लखनपुर में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से निर्माण कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

System Tender no	Estimated Amount (Lakh)	Earnest Money Deposit	Bid Submission Start Date & Time	Bid Due Date & Time	Physical Document Submission Date & Time	Bid Open Date & Time
196437	223.51	150000/-	30/07/2026 After 17.00PM	24/08/2026 Before 17.00PM	28/08/2026 Before 16.00 PM	28/08/2026 After 17.00PM

टीपः- 01. उपरोक्त कार्यों की निविदा की समान्य शर्ते धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https:cgeprocurement.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
02. विज्ञापन की प्रति https:cg.uad.gov.in में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत लखनपुर
जिला - सरगुजा (छ.ग.)

फतेहगढ़ साहिब में पार्टी मजबूत करने के लिए जुटे दिग्गज, 'हर बूथ, कांग्रेस मजबूत' से की शुरुआत

वड़िंग बोले-मुझे पार्टी की जीत चाहिए, ओहदा नहीं, बघेल ने गुटबाजी पर फिर कहा-प्रदेश कांग्रेस में सब ऑल इज वेल

भास्कर न्यूज़ | फतेहगढ़ साहिब/चंडीगढ़

पंजाब कांग्रेस के भीतर नेतृत्व को लेकर लंबे समय से चल रही सियासी खींचतान के बीच शुक्रवार को फतेहगढ़ साहिब से पार्टी ने 'हर बूथ, कांग्रेस मजबूत' अभियान की शुरुआत की। प्रदेश प्रभारी भूपेश बघेल और प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने मंच से एकजुटता का संदेश दिया, लेकिन बयानों से साफ हुआ कि प्रदेश कांग्रेस में नेतृत्व को लेकर चल रही बहस खत्म नहीं हुई है।

बघेल ने एक बार फिर कहा कांग्रेस में सब कुछ सामान्य है। वहीं, वड़िंग ने कहा कि उनके लिए प्रदेश अध्यक्ष का पद कोई बड़ी बात नहीं है। यदि पार्टी चाहे तो टिकट भी काट सकती है, लेकिन वह कांग्रेस छोड़कर कहीं नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा उन्हें पार्टी की जीत चाहिए,कोई ओहदा नहीं। गुटबाजी पर कहा कि पहले भी रही है। मतभेद कुछ दूर हो गए, कुछ हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि समय के साथ संगठन को बदलना होगा, क्योंकि अगला चुनाव बूथ प्रबंधन और नई राजनीतिक रणनीति के आधार पर लड़ा जाएगा।

फतेहगढ़ साहिब में कांग्रेस वर्करों को संबोधित करते पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल।

भास्कर इनसाइट

चुनावी मोड में है कांग्रेस...बैठकों के बहाने हाईकमान प्रदेश में तलाश रहा प्रभावी चेहरा

चंडीगढ़ | फतेहगढ़ साहिब से कांग्रेस ने संगठन को मजबूत करने की जो मुहिम शुरू की इससे साफ है कि कांग्रेस अब चुनावी मोड में है। बघेल का नौ दिवसीय दौरा भी सामान्य संगठनात्मक कार्यक्रम से कहीं अधिक राजनीतिक महत्व रखता है। बूथ स्तर की बैठकों के बहाने हाईकमान न केवल संगठन की नब्ज टटोल रहा है, बल्कि यह भी परख रहा है कि 2027 या संभावित समय से पहले चुनाव की स्थिति में पार्टी का सबसे प्रभावी चेहरा कौन हो सकता है। यही वजह है कि हर बयान, हर बैठक और हर तस्वीर को नेतृत्व की कसौटी पर देखा जा रहा है। मंच से उतरते ही यह सवाल फिर गूंजने लगा कि क्या वास्तव में पंजाब कांग्रेस में 'ऑल इज वेल' है? वड़िंग के बयान के कई राजनीतिक मायने समझे जा रहे हैं।

सूरत से अहमदाबाद वंदे भारत में पहुंचा डोनर हार्ट

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने सूरत से अहमदाबाद के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस के जरिए एक लाइव डोनर हार्ट को सुरक्षित और समय पर पहुंचाया। यह हार्ट अहमदाबाद के यूएन मेहता इंस्टीट्यूट में ट्रांसप्लांट के लिए ले जाया गया था। डॉक्टरों की टीम सुबह 9:05 बजे सूरत से हार्ट के साथ ट्रेन में सवार हुई और दोपहर 11:40 बजे अहमदाबाद पहुंची।

19 साल बाद कोलकाता लौटीं तसलीमा नसरीन

कोलकाता | बांग्लादेश की निर्वासित लेखिका तसलीमा नसरीन 19 साल बाद शुक्रवार को दिल्ली से कोलकाता लौटीं। 2007 में उनकी विवादित किताब 'द्विखंडित' पर विरोध के बाद उन्हें कोलकाता छोड़ना पड़ा था। वे यहां एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने आई हैं। उन्होंने कहा- अभिव्यक्ति की आजादी हमारा अधिकार है।

कार्यालय नगर पालिक निगम देवास (म.प्र.)
सूचना क्र. / 98 / लो.नि.वि./26 **// निविदा सूचना//** देवास, दिनांक 28.07.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

क्र	टेण्डर आ.ई.डी.	कार्य का नाम व स्थान	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम. डी	निविदा क्रय एवं जमा की अंतिम तिथि
1	2026_UAD_524677-1 28/07/2026	शहर के एम.आर. 01 ए.बी. रोड कैलादेवी चौराहा से सरस्वती स्कूल के पीछे खुली भूमि तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। (द्वितिय निविदा)	90 दिवस, 9,18,51,171/-	20,000/- 4,59,255/-	18/08/2026 06:00 pm

निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, देवास

मुस्लिमों में बहुविवाह पर रोक की मांग, सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम समुदाय में बहुविवाह को असंवैधानिक घोषित करने और सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून बनाने की मांग वाली याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने एक्टिविस्ट जकिया सोमन और अन्य की याचिका पर यह नोटिस जारी किया। याचिका में मांग की गई है कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 82 (बहुविवाह अपराध) को बिना किसी छूट के सभी नागरिकों पर समान रूप से लागू किया जाए। इसके साथ ही, याचिका में मुस्लिम शादियों और तलाक का अनिवार्य रजिस्ट्रेशन कराने, पहली पत्नी व बच्चों को घर पर पूर्ण अधिकार देने और भरण-पोषण के लिए फास्ट-ट्रैक व्यवस्था बनाने की भी जोरदार मांग की गई है।

भारत के खिलाफ भेजे मुजाहिदीन अब पाक पर भारी: विदेश मंत्रालय

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

भारत ने पीओके में प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई को लेकर पाकिस्तान को घेरा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तान ने जिन मुजाहिदीन को प्रशिक्षित कर हथियार दिए और भारत भेजा, वही अब उसके खिलाफ हो गए हैं। उन्होंने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के विशेष सहायक राणा सनाउल्लाह के बयान को पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की स्वीकारोक्ति बताया। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, पाकिस्तानी सुरक्षा बलों की कार्रवाई में 40 से ज्यादा लोग मारे गए और कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने प्रदर्शनकारियों को दुश्मन कहा। भारत ने हिंसा की स्वतंत्र जांच और पाकिस्तान को जवाबदेह ठहराने की मांग की।

'पाकिस्तानी कश्मीर' नहीं, पीओके कहें: पीओके में महंगाई, चुनावी धांधली और राजनीतिक भेदभाव के खिलाफ प्रदर्शन जारी हैं। जायसवाल ने अमेरिकी अखबार के 'पाकिस्तानी कश्मीर' शब्द पर आपत्ति जताई। कहा- सही नाम पाकिस्तान के कब्जे वाला जम्मू-कश्मीर है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न अंग हैं। जेएनयू में समर्थन प्रदर्शन हुआ, जबकि जम्मू में विस्थापित परिवारों ने पीओके को भारत में मिलाने की मांग की।

भास्कर CLASSIFIED

एजुकेशन
EDUCATION
एडमीशन ओपन
LALA AMI CHAND GROUP OF INSTITUTIONS
Barara Road, Shahabad
GNM B.SC. NURSING
B.A.LL.B LL.B LL.M
D.ED. B.ED. M.ED.
D-B PHARMACY I.T.I.
Upto 100% Scholarship for SC/ST
98120-66009
80535-35368

ज्योतिष
ASTROLOGY
ज्योतिष
फीस नहीं इनाम लूंगा पंडित रविशंकर(गोल्डमेडलिस्ट) मनचाहा प्यार/शादी ग्रहकलेश पति-पत्नी अनबन सौतन दुश्मन छुटकारा प्रेमविवाह घर बैठे सभी समाधान #9286387958

स्पेशलिस्ट लव मैरिज lover मनाना, घर वाले मनाना, पत्नी का रूठ कर चले जाना, प्रेमी प्रेमिका, पति पत्नी आपसी अनबन! तुरंत समाधान शास्त्री जी 08437994173 fastlove. astrologer2021.com

बिजनेस
BUSINESS

लघु/गृह उद्योग
डिस्पोजल, प्लास्टिक, थर्माकोल, किरयाना, लोहा, स्टील, स्कूटरी कार इंबेन्ट्री, फैक्ट्री लगाओ, मशीन + कच्चा माल लो और तैयार माल दो-8799735018

Notice : Ads have not been verified factually and Bhaskar does not stand responsible for the sales propositions.

पंजाब नैशनल बैंक pnb **punjab national bank**
...भरोसे का प्रतीक ...the name you can BANK upon!

शाखा : एमसीसी करनाल (Sol ID: 650800) ईमेल: mcc6508@pnb.bank.in

कब्जा सूचना

जबकि
नीचे हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक के अधिकृत अधिकारी के तौर पर, 'सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ़ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ़ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (2002 का 54)' के तहत और 'सिक्योरिटी इंटरेस्ट (प्रवर्तन) नियम 2002' के नियम 3 के साथ पढित धारा 13(12) के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, 12.03.2026 को एक मांग सूचना जारी की थी। इस सूचना में उधार लेने वालों - **1. मै. ऑसम टाइल्स एंड सैनिटरी हाउस (एक पार्टनरशिप फर्म), 2. श्री सतीश कुमार, पुत्र श्री बलबीर सिंह (पार्टनर और गारंटर), 3. श्री रणजोर सिंह, पुत्र श्री बलबीर सिंह (पार्टनर और गारंटर), 4. श्री बलबीर सिंह, पुत्र श्री राजा राम (गारंटर) - से कहा गया था कि वे नोटिस में बताई गई रकम रु. 1,20,04,558.67 (रु. एक करोड़ बीस लाख चार हजार पांच सौ अट्ठावन और सड़सठ पैसे मात्र)** का भुगतान करें। यह रकम **30.04.2026 तक बकाया और इस पर 01.05.2026 से आगे का ब्याज, लागत, खर्च** आदि भी देना होगा। यह भुगतान नोटिस मिलने की तारीख से 60 दिनों के भीतर करना था।
चूंकि उधार लेने वाले रकम चुकाने में नाकाम रहे हैं, इसलिए उधार लेने वालों और आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि नीचे बताई गई संपत्ति का कब्जा, सिक्योरिटी इंटरेस्ट (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पढित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत मिले अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए **31 जुलाई 2026** को मेरे द्वारा ले लिया गया है।
खासकर उधार लेने वालों और आम जनता को चेतावनी दी जाती है कि वे इस संपत्ति का कोई लेन-देन न करें। संपत्ति से जुड़ा कोई भी लेन-देन पंजाब नेशनल बैंक के **रु. 1,20,04,558.67 (रु. एक करोड़ बीस लाख चार हजार पांच सौ अट्ठावन और सड़सठ पैसे मात्र)** के बकाया चार्ज के अधीन होगा। यह रकम 30.04.2026 तक देय है और इस पर 01.05.2026 से पूरा भुगतान होने तक अतिरिक्त ब्याज और खर्च आदि भी लगेंगे।
उधार लेने वालों का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के उस प्रावधान की ओर दिलाया जाता है, जो सुरक्षित संपत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय से संबंधित है।

संपत्ति/(यों) का विवरण

(1) 7 कनाल-12 मरला जमीन, जो खेवट नंबर 319 मिन, खतौनी नंबर 386, रेक्टेंगल नंबर 50, किला नंबर 25/1(3-16), खतौनी नंबर 387, रेक्टेंगल नंबर 50, खसरा नंबर 16/3(1-18), खतौनी नंबर 388, रेक्टेंगल नंबर 50, किला नंबर 24/2(1-18) से संबंधित है; कुल 3 कित्ता (प्लॉट), जो गाँव उचाना, तहसील और जिला करनाल में स्थित हैं (वर्ष 2017-18 की जमाबंदी के अनुसार)।
(2) 17 कनाल 5 मरला जमीन, जिसका विवरण नीचे दिया गया है: -
A) 4 कनाल-8 मरला जमीन, यानी 10 कनाल-12 मरला जमीन का 22/53 हिस्सा, जो खेवट नंबर 121, खतौनी नंबर 159, रेक्टेंगल नंबर 94, किला नंबर 1(6-16), रेक्टेंगल नंबर 95, किला नंबर 5/2 (3-16), 2 कित्ता से संबंधित है।
B) 8 कनाल-5 मरला जमीन, यानी 51 कनाल-2 मरला जमीन का 47/290 हिस्सा, जो खेवट नंबर 206, खतौनी नंबर 261, रेक्टेंगल नंबर 69, किला नंबर 24/2(4-8), रेक्टेंगल नंबर 72, किला नंबर 4(8-0), रेक्टेंगल नंबर 73, किला नंबर 21/3(7-8), 22(8-0), 23(8-0), रेक्टेंगल नंबर 95, किला नंबर 6(7-6), रेक्टेंगल नंबर 98, किला नंबर 17(8-0), कित्ता 7 से संबंधित है।
C) 4K-0M माप वाली जमीन, यानी 8K-0M माप वाली जमीन का ½ हिस्सा; खेवट नंबर 328, खतौनी नंबर 397, रेक्टेंगल नंबर 70, किला नंबर 15(8-0) से संबंधित।
D) 0K-12M माप वाली जमीन, यानी 2K-9M माप वाली जमीन का 1/4 हिस्सा; खेवट नंबर 446, खतौनी नंबर 548, रेक्टेंगल नंबर 94, किला नंबर 2/2(2-9) से संबंधित।

दिनांक : 31.07.2026 स्थान : करनाल प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक

pnb **पंजाब नैशनल बैंक** ...जिस नाम पर आप भरोसा कर सकते हैं!
(A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)
ई-नीलामी सूचना
कॉर्पोरेट ऑफिस: प्लॉट नंबर 4, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली-110075
सर्किल ऑफिस: पता : बे नं. 21-22, चौथी मंज़िल, सेक्टर - 12, करनाल • ईमेल: coknlsamd@pnb.bank.in

अचल संपत्तियों के लिए ई-नीलामी सूचना

ई-नीलामी की तारीख और समय :
क्र. सं. 1 से 3 के लिए: 24.08.2026 सुबह 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक
क्र. सं. 4 के लिए: 24.09.2026 सुबह 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी सूचना।
इसके द्वारा आम जनता को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता (यों) एवं गारंटर (यों) को यह सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो कि सुरक्षित लेनदार के पास बंधक /भारित है, जिसका रचनात्मक / भौतिक / प्रतीकात्मक कब्जा/ सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उससे संबंधित ऋणी(यों) एवं गारंटर (रों) से बैंक / सुरक्षित लेनदार को देय राशि की वसूली के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि को **"जैसा है जहां है", जैसी है जो है तथा "जो कुछ भी है"** के आधार पर बेचा जाएगा। ऋणी(यों) एवं गारंटर (रों) से बैंक/सुरक्षित लेनदार का बकाया वसूला जा सके। आरक्षित मूल्य तथा बयाना राशि संबंधित संपत्तियों के सामने नीचे दी गई तालिका के अनुसार उल्लिखित होगी।

सुरक्षित परिसंपत्तियों की अनुसूची

शाखा का नाम उधारकर्ता/गारंटर, खाते का नाम एवं पता	अचल संपत्तियों का विवरण (गिरवी रखी गई / मालिक का नाम) (संपत्ति(यों) के गिरवी रखने वाले)	ए) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग अधिसूचना की तिथि बी) इस तिथि तक बकाया राशि सी) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्जे की तिथि डी) कब्जे की प्रकृति सांकेतिक/भौतिक/रचनात्मक	ए) आरक्षित मूल्य बी) ईएमडी सी) बोली वृद्धि राशि	नीलामी की तारीख एवं समय	जानकारी के लिए कृपया स्कैन करें।
1. शाखा कार्यालय - पंसारा, यमुनानगर (719300) श्रीमती पुष्पा रानी पत्नी लाखन सिंह (उधारकर्ता) मकान नंबर सी-2, 2318/5बी, विशाल नगर कॉलोनी, जगाधरी यमुना नगर-135001 श्री अनिल सिंह पुत्र श्री लाखन सिंह (सह-उधारकर्ता)	वह रिहायशी मकान जिसका PID नंबर 99C38U63A और प्रॉपर्टी नंबर C-2/2318/03 है, जो 58 वर्ग गज (यानी 00K-02M) के प्लॉट पर बना है। यह जमीन 06K-14M के कुल हिस्से का 1/67 हिस्सा है, जो खेवट नंबर 1028/1046, खतौनी नंबर 1214, खसरा नंबर 84//1/2 (6-14) में शामिल है। यह संपत्ति मौजा जगाधरी, HB नंबर 400 (जिसे अब इंदिरा कॉलोनी जगाधरी के पास विशाल नगर के नाम से जाना जाता है) में स्थित है और यमुनानगर-जगाधरी नगर निगम की सीमा, जगाधरी तहसील और यमुनानगर जिले के अंतर्गत आती है। 2019-20 की जमाबंदी और म्यूटेशन नंबर 19655 के अनुसार, इसे 09.03.2015 को सेल डीड नंबर 12883 के जरिए खरीदा गया था और सब-रजिस्ट्रार जगाधरी के कार्यालय में विधिवत पंजीकृत कराया गया था। यह संपत्ति श्रीमती पुष्पा रानी (पत्नी श्री लखन सिंह) के नाम पर है और इसका माप व सीमाएँ इस प्रकार हैं: उत्तर – 30'-0' अशोक कुमार का घर, दक्षिण – 30'-0' श्रीमती मुन्नी देवी का घर, पूर्व – 17'-6' 15' चौड़ी गली, पश्चिम – 17'-6' श्री राम कुमार का घर।	ए) 13(2): 13.11.2025 बी) रु. 9,77,0007.55 + आगे का ब्याज + उस पर होने वाले खर्च सी) 13(4): 13.02.2026 डी) सांकेतिक कब्जा	A) रु. 7,50,000.00 B) रु. 75,000.00 C) रु. 10,000.00	24.08.2026 सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक	
मकान नंबर सी-2, 2318/5बी, विशाल नगर कॉलोनी, जगाधरी यमुनानगर-135001 श्री चंदर भान पुत्र श्री बलवान सिंह (गारंटर) मकान नंबर 1179, महावीर कॉलोनी, हनुमान गेट जगाधरी, यमुनानगर-135001					
2. शाखा कार्यालय - ई-ओबीसी बिलासपुर (141210) 1. मै. एवीके इंटरप्राइजेज, मालिक श्रीमती शशि बाला पत्नी श्री सचिन शर्मा के माध्यम से चंदाखेड़ी रोड, बिलासपुर 2. श्री सचिन शर्मा पुत्र श्री सुभाष शर्मा (गारंटर) निवासी वार्ड नं. 8, बुरिया, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर, 3. श्री संदीप शर्मा पुत्र श्री सुभाष शर्मा (गारंटर) निवासी वार्ड नं. 8, बुरिया, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर	मौजा बौरा, तहसील जगाधरी में स्थित 275 वर्ग गज का रिहायशी मकान जिसका प्रॉपर्टी ID नंबर 15C1733U285, जो श्री संदीप शर्मा और श्री सचिन शर्मा पुत्र श्री सुभाष के नाम पर बराबर हिस्से में है। रजिस्टर्ड ट्रांसफर डीड नंबर 9949, तारीख 15.12.2015, सब-रजिस्ट्रार जगाधरी के यहाँ रजिस्टर्ड, उसका माप और सीमाएँ इस प्रकार हैं: उत्तरः 99' को-ऑपरेटिव सोसाइटी का ऑफिस, दक्षिणः 99' गली, पूर्वः 25' गली, पश्चिमः 25' गली।	ए) 13(2): 15.11.2018 बी) रु. 16,25,086.06 + आगे का ब्याज + उस पर होने वाले खर्च सी) 13(4): 24.01.2019 डी) भौतिक कब्जा	A) रु. 16,67,000.00 B) रु. 1,66,700.00 C) रु. 10,000.00	24.08.2026 सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक	
3. शाखा कार्यालय - मॉडल टाउन, यमुनानगर (370100) 1. मो. रफी पुत्र मो. तकी, मो. सफी पुत्र मो. तकी और एकराम खान पुत्र मो. तकी - सभी निवासी मौजा मुमिडी, एचबी नंबर 470, नगर निगम (MC) की सीमा के अंतर्गत, जिला यमुनानगर।	आवासीय घर का वह पूरा हिस्सा जिसका प्रॉपर्टी ID नंबर 384C161U42 है, माप 180 वर्ग गज है जो 02K-19M माप वाली भूमि से बाहर है। खेवट नंबर 240, खतौनी नंबर 283, खसरा नंबर 20//18/2 में आती है और मौजा मुमिडी, एचबी नंबर 470 में स्थित है, जो यमुनानगर जिले के म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन की सीमा के अंदर है। इसे मॉर्गेज डीड नंबर 6769 तारीख 02.12.2016 के जरिए गिरवी रखा गया था। इसके साथ जुड़े दस्तावेज इस प्रकार हैं: मोहम्मद रफी पुत्र तकी मोहम्मद के नाम ओरिजिनल रजिस्टर्ड ट्रांसफर डीड नंबर 999 तारीख 02/05/2016; मोहम्मद साफ़ी पुत्र तकी मोहम्मद के नाम ओरिजिनल रजिस्टर्ड ट्रांसफर डीड नंबर 1001 तारीख 02/05/2016; और एकराम पुत्र तकी मोहम्मद के नाम ओरिजिनल रजिस्टर्ड ट्रांसफर डीड नंबर 1000 तारीख 02/05/2016; ओरिजिनल रजिस्टर्ड सेल डीड नंबर 3846 तारीख 18/09/1997; म्यूटेशन नंबर 2755 और 4940 की सर्टिफाइड कॉपी; और साल 2011-12 के लिए जमाबंदी की सर्टिफाइड कॉपी। सेल डीड के अनुसार प्रॉपर्टी का माप और सीमाएँ इस प्रकार हैं: उत्तरः 39'-3"- गली, दक्षिणः 32'-6"- नौशाद खान का घर, पूर्वः 39'-6"- गली, पश्चिमः 59'-9"- सुल्तान खान का घर।